BSES
BSES Yamuna Power Limited
a joint venture with GONCTD

संवाद

www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

मई - 2022

171 मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप प्रदान की गई

बीवाईपीएल के सीएसआर सशक्त स्कॉलरशिप डिस्ट्रिब्यूशन प्रोग्राम के तहत, सीईओ श्री अमरजीत सिंह के नेतृत्व में बीवाईपीएल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा, एक कार्यक्रम के दौरान समाज के कमजोर तबकों के 171 मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप प्रदान की गई।

दिल्ली के विभिन्न कॉलेजों में पढ़ने वाले इन प्रतिभाशाली छात्रों को 1.96 लाख रूपये की स्कॉलरशिप दी गई। स्कॉलरशिप पानेवालों में एसआरसीसी, हिंदू, एलएसआर, मिरांडा हाउस, हंसराज, गार्गी, किरोड़मल और नेताजी सुभाश इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नेलॉजी समेत कई कॉलेजों के छात्र शामिल थे।

एक्सिलेंस इन कॉस्ट मैनेजमेंट के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार से बीवाईपीएल सम्मानित

बीएसईएस द्वारा अपनाई जा रही बेस्ट प्रैक्टिसेज को सराहा जा रहा है। इस कड़ी में, बीवाईपीएल को इंस्टिट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के प्रतिष्ठित नैशनल अवॉर्ड फॉर एक्सिलेंस इन कॉस्ट मैनेजमेंट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसमें बीवाईपीएल को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। पावर डिस्ट्रिब्यूशन एंड ट्रांसमिशन श्रेणी में उसे यह पुरस्कार मिला है।

हाल ही में, माननीय केंद्रीय मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा एक समारोह में 17वें नैशनल अवॉर्ड्स फॉर एक्सिलेंस इन कॉस्ट मैनेजमेंट 2019 के पुरस्कार प्रदान किए गए। सीएफओ श्री मितेश कुमार शाह के नेतृत्व में बीवाईपीएल टीम ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

इसके अलावा, हाल ही में संपन्न हुए आईपीपीएआई पावर अवॉर्ड्स 2022 में बीवाईपीएल को तीन प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया, जिसमें आउटस्टैंडिंग परफॉर्मेंस के लिए बेस्ट परफॉर्मिंग डिस्कॉम का पुरस्कार भी शामिल था। बीवाईपीएल को बेस्ट कंपनी – प्रमोटिंग कंज्यूमर अवेयरनेस और इनोवेशन इन माइक्रो सबस्टेशन के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

फीडबैक
अपने फीडबैक व सुझाव भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड, पंजीकृत कार्यालय: शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़ूमा, दिल्ली-110032
सीआईएन: CIN:U40109DL2001PLC111525, फोन: 11-4124-7111/4124-9273
ईमेल: bypl.feedback@relianceada.com, वेबसाइट: www.bsesdelhi.com

एसी के लिए आसान टिप्स: बिजली और पैसे बचाएं



घर के बिजली संबंधी खर्चों में एयर कंडीशनिंग का योगदान 30 से 50 प्रतिशत तक हो सकता है। लेकिन, कुछ आसान टिप्स की मदद से आप बिजली बचा सकते हैं और बिजली का बिल भी कम कर सकते हैं।

- न्यूनतम लागत पर अधिकत आराम के लिए अपने एसी के थर्मोस्टेट पर 25 डिग्री सेल्सियस पर सेट करें।
- जहां तक संभव हो सके, एयर कंडीशंड रूम के दरवाजों को बंद रखें
- एसी के फिल्टर को हर माह साफ करें
- एसी के साथ अगर सीलिंग फैन भी चलाते हैं, तो यह हवा को बेहतर तरीके से सर्कुलेट करेगा और एसी पर लोड को कम करेगा
- खिड़कियों व दीवारों पर प्लांट्स लगाएं और परदों का उपयोग करें। ये सनलाइट को रोककर कमरे को गर्म होने से बचाने में मदद करेंगे।
- कूल रूफ्स की पद्धति अपनाएं। यानी, छत को सफेद रंग से पेंट कर दें या छत पर सफेद टाइल्स लगाएं। एयर कंडीशनिंग पर लागत कम आएगी।
- खरीदने से पहले बिजली उपकरणों की एनर्जी रेटिंग चेक करें। रेटिंग जितनी ज्यादा होगी, बिजली की बचत भी उतनी ही अधिक होगी।

हमारा मोबाइल ऐप अब और भी पावरफुल!

अब यह है "बीवाईपीएल कनेक्ट"

नए व शानदार फीचर्स तथा आसान नेविगेशन की ताकत का अनुभव करें!

स्कैन कर आसानी से डाउनलोड करें

GET IN ON Google Play
Download on the App Store



मोबाइल ऐप, टोल फ्री और हेल्पलाइन नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं

Available on the App Store
Available on the Android Market

टॉल फ्री 24x7
19122

एसएमएस
5616108

बिजली चोरी संबंधी
8588892156
बिजली गुल की शिकायत
8745999808

स्ट्रीटलाइट
41999808

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़ूमा, दिल्ली – 110032 के लिए फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा – 122050 द्वारा मुद्रित